(ग) से (च) : निर्धारित लाईसेंस शुल्क अदा किये बगैर टेलीफोन लाइनों पर फैक्स के गैर कानूनी इस्तेमाल की घटनाएं विभाग के ध्यान में आती रहती हैं । ऐसे मामलों में, संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध भारतीय तार अधिनियम के संगत उपबंधों के अनुसार कार्रवाई की जाती है। लाइसेंस शुल्क समाप्त करने का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि (I) लाइसेंस शुदा फैक्स प्रयोगकर्त्ताओं की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है (II) लाइसेंस शुल्क, फैक्स मशीन की लागत की तुलना में काफी छोटी राशि है ।

अनुरक्षण और प्रचालन, अधिकारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतें

2550. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार की संचार प्रणाली के क्षेत्रीय अनुरक्षण और प्रचालन अधिकारियों के कार्यों के बारे में शिकायतें मिली हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में पिछले तीन वर्षों का संकलनवार ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान इस में किस कर्मचारी अधिकारी के विरुद्ध कोई कार्यवाही की है;

(घ) यदि हां, तो उसका संकलनवार ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा कौन-कौन से सुधारात्मक उपाय किये गये हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

टेलीफोन उपभोक्ताओं के परिसरों में एक पृथक टेलीफोन मीटर का लगाया जाना

2551 श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार टेलीफोन उपभोक्ताओं के परिसरों में एक पृथक टेलीफोन मीटर लगाने के बारे में विचार कर रही है जिससे कि उपभोक्ताओं को भविष्य में एक तरफा मीटर रीडिंग में कुछ संरक्षण मिल सके ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखराम) (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) इसे तकनीकी दृष्टि से व्यवहार्य नहीं पाया गया ।

Opening of P.C.Os and STD in Gujarat and Bihar

2552. SHRI RAMENDRA KUMAR YADAV "RAVI":

SHRI RAJUBHAI A. PARMAR;

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) what are the details of the schemes for opening P.C.Oa and STD in big cities and rural areas of Gujarat and Bihar States in the coming year;

(b) what is the drne frame fixed for implementing these schemes; and

(c) what percentage of population will be benefited after implementation of these schemes?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM) (a) Details of the schemes for opening loca! PCOs and STD PCOs are as per Statement I & II (See below). The targets fixed for opening public